चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ

Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : सम्बद्धता/3615
दिनांक :- 07/12/2023

सेवा में,

सचिव/प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध संस्थान/महाविद्यालय,
सम्बद्ध चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

विषय:— उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शैक्षिक सत्र 2024—2025 के लिये नये महाविद्यालयों/संस्थानों के खोले जाने तथा वर्तमान महाविद्यालयों/संस्थानों में अतिरिक्त विषयों/पाठयक्रमों (बी0एड0 पाठयक्रम को छोडकर) को दिनांक 01.07.2024 से सम्बद्धता विस्तारण/नवीन सम्बद्धता प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग—02 उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के पत्रांकः 3050/सत्तर—2—2023—16(11)/2017 टी0सी0 दिनांक 15, सितम्बर, 2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शैक्षिक सत्र 2024—2025 के लिये महाविद्यालयों/संस्थानों के खोले जाने तथा वर्तमान महाविद्यालयों/संस्थानों में अतिरिक्त विषयों/पाठयक्रमों (बी0एड0 पाठयक्रम को छोडकर) को प्रारम्भ करने हेतु समय – सारणी निर्धारित की गयी है।

उक्त के सम्बन्ध में सूचित किया जाता है कि जिन महाविद्यालयों/संस्थानों में पूर्व से संचालित कतिपय पाठयक्रमों की सम्बद्धता की अवधि दिनांक 30.06.2024 को समाप्त होने जा रही है तथा महाविद्यालय/संस्थान उक्त पाठयक्रमों की सम्बद्धता अवधि का विस्तारण दिनांक 01.07.2024 से कराना चाहते है तो, वे उत्तर प्रदेश शासन के आनलाईन पोर्टल https://henoc.upsdc.gov.in पर पंजीकरण कराते हुए Direct Affiliation – Old College पर निरीक्षण मण्डल के गठन हेतु आनलाईन आवेदन करने का कष्ट करें। यदि किसी संस्थान/महाविद्यालय द्वारा निरीक्षण मण्डल के गठन हेतु आफलाईन आवेदन किया जाता है तो विश्वविद्यालय द्वारा उस ऑफलाइन आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। इसके अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि स्नातकोत्तर स्तर पर सम्बद्धता हेतु मात्र वे संस्थान/महाविद्यालय ऑनलाइन आवेदन करे, जिन संस्थान/महाविद्यालयों के पास नैक मूल्यांकन का प्रमाण पत्र शैक्षिक सत्र 2024—2025 तक अथवा आगामी वर्षो तक मान्य हो।

भवदीय,

7.12.23
कुलसचिव

प्रतिलिपिः—

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
02. सचिव कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
03. प्रेस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
04. प्रभारी, वेबसाइट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

प्रधान सहायक (सम्बद्धता)